25 मार्च से पीजी में नामांकन की शुरू होगी प्रक्रिया, अप्रैल तक ले सकेंगे प्रवेश

तीन बार जारी होगी मेधा सूची, इस बार ऑनस्पॉट नामांकन पर नहीं होगा विचार

जासं, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी में नए सत्र में नामांकन के लिए 25 मार्च से आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। विवि की ओर से इसकी तैयारी अंतिम चरण में है।

यूएमआइएस कोआर्डिनेटर प्रो.ललन झा ने बताया कि इसके बाद होली को लेकर छुट्टी हो जाएगी। इससे पूर्व नामांकन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। ताकि छुट्टी में भी छात्र चाहें तो ऑनलाइन आवेदन कर सकें। 10 अप्रैल तक नामांकन के लिए आवेदन लिया जाएगा। इसके बाद मेधा सूची बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। अप्रैल के अंत तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर मई से कक्षा का संचालन शुरू किया जाएगा। इसबार मेधा सूची के माध्यम से ही नामांकन होगा। ऑनस्पॉट नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। पिछले सत्र में तीन बार मेधा सूची जारी करने के बाद जब बचे हुए कुछ सीटों पर ऑनस्पॉट नामांकन की विकल्प दिया गया था। इस क्रम में नामांकन को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने हंगामा किया था।

10 **अप्रैल तक नामांकन के लिए लिया जाएगा ऑनलाइन आवेदन**

अप्रैल के अंत तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर मई से शुरू कर दिया जाएगा कक्षा का संचालन

छात्र संगठनों ने की सीट बढ़ाने की मांग

छात्र संगठनों ने पीजी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही सीटों की संख्या में वृद्धि करने की मांग की है। पिछले सत्र में 5300 सीटों पर नामांकन को लेकर करीब 20 हजार छात्रों ने आवेदन दिया था। कुछ आवेदन गड़बड़ी के कारण निरस्त हुए थे। छात्रों की संख्या अधिक होने पर कुछ विषयों में 10 फीसद तक सीटों की संख्या में वृद्धि की गई थी। इसके बाद भी सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी पिछले सत्र में नामांकन से वंचित हो गए थे।

एलएस कॉलेज में परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी की जांच करते कर्मी • जागरण

कदाचार के आरोप में पकड़े गए सात सिपाही अभ्यर्थी

जासं, मुजफ्फरपुर : सिपाही चयन भर्ती परीक्षा में अलग-अलग केंद्रों से कदाचार के आरोप में सात अभ्यर्थी पकड़े गए। अहियापुर स्थित शांति निकेतन स्कूल में चार तथा एलएस कॉलेज के आर्ट्स व कॉमर्स विभाग के केंद्रों से तीन अभ्यर्थी पकड़े गए। एलएस कॉलेज में एक लड़की सहित तीन अभ्यर्थी पकड़े गए। सभी को अलग-अलग थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया है। अहियापुर व विश्वविद्यालय थाने की पुलिस ने बाद में एसडीओ को सौंप दिया। बता दें कि रविवार को सिपाही चयन भर्ती परीक्षा चार केंद्रों पर हुई। शांति निकेतन अहियापुर, एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज एवं बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल में केंद्र बनाए गए थे। इसमें 3000 से अधिक अभ्यर्थियों को शामिल होना था। लेकिन इसमें कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।